भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1722

सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

मणिपुर में पर्यटन स्थलों का विकास

†1722. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की इस वित्तीय वर्ष के बजट में उल्लिखित ऐसे 50 पर्यटन स्थलों में से मणिपुर में पर्यटन स्थल के विकास की कोई योजना है;

(ख) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य के लिए अनुमोदित और स्वीकृत पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उन परियोजनाओं के लिए जारी की गई निधि और कार्यों की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राज्य में किन्हीं पर्यटन परियोजनाओं में कोई उपयोगिता प्रमाण-पत्र लंबित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) मणिपुर राज्य में पर्यटन अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार, देश में एक चुनौती मोड के माध्यम से राज्यों के साथ सहभागीदारी में शीर्ष 50 पर्यटन गंतव्य स्थलों का विकास किया जाएगा। प्रमुख अवसंरचना निर्माण के लिए भूमि राज्यों को उपलब्ध करानी होगी। उन गंतव्यों पर होटलों को इन्फ्रास्ट्रक्चर हार्मोनियस लिस्ट (आईएचएम) में शामिल किया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय ने 5 मार्च, 2025 को आयोजित बजट वेबिनार के दौरान बजट घोषणा पर हितधारकों के साथ चर्चा की।

(ख) से (ङ): चूंकि पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के माध्यम से पर्यटन सुविधाओं के विकास के उद्देश्य से पर्यटन संबंधी परियोजनाएं शुरू करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित

करता है। ऐसी वित्तीय सहायता संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी योजना दिशा-निर्देशों एवं अनुदेशों के अनुपालन के की शर्त पर, बजट की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है। मणिपुर राज्य में 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं, जो वास्तविक रूप से पूरी हो चुकी हैं, का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ ₹ में)

क्र.सं.	**परिपथ/ स्वीकृति का वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**उपयोग की गई राशि (राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत उपयोग प्रमाण के अनुसार)**
1.	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16	मणिपुर में पर्यटक परिपथ :इम्फाल-खोंगजोम का विकास	72.23	61.32	61.25
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास	45.34	45.33	43.04

इसके अलावा, भारत सरकार ने अपने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मणिपुर राज्य में एक परियोजना सहित 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रू में)

परियोजना का नाम	**लागत**	**व्यय विभाग द्वारा जारी निधि**	**राज्य सरकार से प्राप्त यूसी**
लोकटक में लोकटक झील एक्सपीरियंस	89.48	59.05	कोई यूसी प्राप्त नहीं हुई

दिनांक 11.02.2025 को हुई समीक्षा बैठक में, राज्य सरकार को 'लोकटक झील एक्सपीरियंस लोकटक' परियोजना के संबंध में कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया है।

****